प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देने के लिए 9 नई नीतियों के अनुमोदन को मंजूरी दी।
- भुवनेश्वर में चल रहे पुलिस महानिदेशकों के वार्षिक सम्मेलन का आज अंतिम दिन–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडे विभिन्न मुद्‌दों पर करेंगे चर्चा।
- कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट–क्लेट परीक्षा आज–डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए पहली बार प्रश्न पत्र पर होगी परीक्षार्थी की फोटो।
- विश्व एड्स दिवस आज–प्रदेशभर में किये जा रहे है कई जागरूकता कार्यक्रम।

00000

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देने के लिए 9 नई नीतियों के अनुमोदन और सातवें राज्य वित्त आयोग के गठन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में कल जयपुर में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द्र बैरवा और विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने, प्रदेश को एक्सपोर्ट हब बनाने, स्थानीय पर्यटन, छोटे उद्योगों और स्थानीय शिल्प तथा कारीगरी को बढावा देने के लिए राजस्थान एमएसएमई नीति, निर्यात संवर्धन नीति, एक जिला एक उत्पाद नीति, राजस्थान पर्यटन ईकाई नीति और एकीकृत क्लस्टर विकास योजना को मंजुरी दी गईं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने भरतपुर और बीकानेर में विकास प्राधिकरणों के गठन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इन शहरों में विकास प्राधिकरण बनने से यहां विकास सुव्यवस्थित और नियोजित ढंग से हो सकेगा। डॉ. बैरवा ने बताया कि खेमराज समिति की सिफारिशों के अनुरूप वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए समिति की सिफारिशों को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि नियमों में एकरूपता लाने के लिए आयुष विभाग में आयुर्वेद, यूनानी और हौम्योपैथिक डॉक्टरों के पदों पर भर्ती अब आरपीएससी के माध्यम से की जायेगी। इस संबंध में सेवा नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है।

पत्रकार वार्ता में विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राज्य में अवैध रूप से धर्मांतरण को रोकने के लिए द राजस्थान प्रोहेबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन बिल 2024 विधानसभा में पेश किया जायेगा।

श्री पटेल ने बताया कि अगले पांच वर्षो में प्रदेश के निर्यात में डेढ लाख करोड रूपये की वृद्धि के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति 2024 में निर्यात को बढावा देने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में अनुमोदित राजस्थान पर्यटन ईकाई नीति 2024 से इको टूरिज्म यूनिट, फिल्म सिटी, हेरिटेज रेस्टोरेंट और पर्यटन स्टार्टअप्स जैसी नई पर्यटन इकाइयों को जोडा गया है। मंत्रिमंडल बैठक में राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 का भी अनुमोदन किया गया है। नई नीति में 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता को 125 गीगावाट तक बढाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री पटेल ने बताया कि मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत राजस्थान खनिज नीति 2024 से प्रदेश में खनन आधारित उद्योगों, औद्योगिक निवेश और रोजगार के अवसरों में बढोतरी के साथ ही अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाई जा सकेगी। बजरी के सस्ते विकल्प को बढावा देने के लिए राजस्थान एमसेन्ड नीति 2024 को भी स्वीकृति दी गई है। श्री पटेल ने बताया कि जैसलमेर जिले में भारत–पाक सीमा पर सड़क के निर्माण के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को 282 हेक्टेयर सरकारी भूमि आंवटित करने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी है।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लगातार दूसरे दिन अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे। शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। सम्मेलन में आज प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय

सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन शीर्ष पुलिस अधिकारियों और देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विविध मुद्दों पर चर्चा करेंगे। आज आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, तटीय सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियों तथा आतंकवाद निरोधक रणनीतियों जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति पुलिस के समक्ष आने वाले विभिन्न परिचालन और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख हिस्सा ले रहे हैं।

0000

सरकार ने घोषणा की है कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण– ट्राई ने टेक्स्ट संदेशों के सुरक्षित ट्रांसमिशन और वाणिज्यिक संदेशों के प्रेषकों का पता लगाने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। संचार मंत्रालय ने एक्सेस प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रमुख संस्थाएं और टेलीमार्केटर्स 10 दिसंबर तक अपनी श्रृंखला घोषणाएं प्रस्तुत करें। प्रदाताओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन लोगों को दैनिक चेतावनी जारी करना जारी रखें जिन्होंने पीई–टीएम श्रृंखला बाइंडिंग आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया है। गौरतलब है कि संदेश ट्रैसेबिलिटी में सुधार करने के लिए ट्राई ने अगस्त में दिशानिर्देश जारी किए थे।

00000

देश के 25 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट –क्लैट–2025 आज आयोजित की जा रही है। प्रदेश के तीन शहरों जयपुर, जोधपुर और कोटा में होने वाली यह परीक्षा आज दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक होगी। परीक्षा आयोजक क्लैट कंसोर्टियम ने इस बार नया प्रयोग किया है। प्रश्न पत्र पर परीक्षार्थी की फोटो, उसका नाम और प्रवेश नम्बर अंकित होगा। परीक्षा में अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के लिए देश में पहली बार किसी परीक्षा में ऐसा प्रयोग किया जा रहा है यानी जिस परीक्षार्थी की फोटो होगी, प्रश्न पत्र उसी को मिलेगा। इस तरह से परीक्षा में डमी कैंडिडेट को बैठने से रोका जा सकेगा।

00000

आज से राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 3 दिसंबर तक दो पारियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर ढाई बजे से साढे पांच बजे तक आयोजित की जायेगी। पाली जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया की प्रतियोगी परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए परीक्षा के सफल संचालन के लिए कल और परसो अवकाश घोषित किया गया हैं और जिला मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

00000

आज विश्व एड्स दिवस है। एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम–एड्स के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए और लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट करने के लिए यह दिन मनाया जाता है।

यह दिन एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर देता है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस जागरूकता बढ़ाने, उपचार के लिए अधिकार–आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और एचआईवी से प्रभावित लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। 2024 की थीम "सही रास्ते पर चलें" है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज इंदौर में विश्व एड्स दिवस 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इधर प्रदेश में भी एड्स के प्रति जागरूकता बढाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सवाईमाधोपुर में चिकित्सा विभाग की ओर से संगोष्ठी के अलावा जागरूकता रैली निकाली जा रही है। साथ ही गैर सरकारी संगठनों की ओर से भी एड्स जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। बाडमेर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इससे पहले यहां कल चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से केंडल मार्च निकाला गया।

अजमेर में विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर शहिद स्मारक पर दीपदान का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा दीप जलाए गए और रेड रिबन बनाकर एड्स से बचाव का संदेश दिया गया।पाली में कल राजकीय बांगड चिकित्सालय से सूरजपोल चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला गया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन 1992 से हर साल एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मना रहा है। यह आयोजन 2030 तक एड्स को समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आ रही चुनौतियों का सामना करने में सहायक होगा।

00000

प्रदेश में सर्दी के तेवर बढ़ रहे है। कई स्थानों पर सुबह और रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। राजधानी जयपुर में सुबह गलनभरी हवाओं के साथ ठिठुरन बढ गई है। वहीं सीकर में भी खिली धूप के बावजूद नमी के कारण दिन में भी सर्दी का असर बना हुआ है।

00000